प्रादेशिक समाचार
15.11.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती, जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर जमुई से छह हजार छह सौ करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण।
2. झारखंड स्थापना दिवस पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी झारखंडवासियों को शुभकामनायें, राज्यभर में कई कार्यक्रम हुए आयोजित।
3. दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए और इंडी गठबंधन के बीच आरोप प्रत्यारोप हुआ तेज।
4. भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा—हेमंत सरकार के कारण राज्य की छवि हुई है धुमिल।
5. भक्तिभाव के साथ देशभर में मनाई गई गुरू नानक जयंती, सिख समुदाय के लोगों ने निकाली शोभा यात्रा।

***************

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर कृतज्ञ राष्ट्र ने उन्हें नमन किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने धरती आबा को श्रद्धांजलि अर्पित की है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि देश सही मायने तभी विकसित बनेगा जब जनजातीय लोगों का विकास होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भगवान बिरसा ने मातृभूमि की आन—बान और शान की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

***************

प्रधानमंत्री ने जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर बिहार के जमुई में छह हजार छह सौ करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार जनजातीय समुदायों को मुख्यधारा में शामिल करने के लिए प्रतिबध्द है।

***************

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर आदिवासी बहुल जिलों में बिरसा मुंडा गौरव उपवन शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आदिवासी बहुल क्षेत्रों को आकांक्षी जिलों में बदला गया है।

***************

प्रधानमंत्री वर्चुअल माध्यम से पीएम—जनमन अभियान के अंतर्गत बनाए गए ग्यारह हजार घरों के गृह प्रवेश में भी शामिल हुए। श्री मोदी ने कहा कि पीएम जनमन और धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष ग्राम अभियान के अंतर्गत आदिवासी गांवों के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए अस्सी हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

***************

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भगवान बिरसा मुंडा देश के स्वतंत्रता आंदोलन के महानतम नायकों में से एक हैं। श्री शाह ने आज नई दिल्ली के बांसेरा पार्क में बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण करते हुए कहा कि जनजातीय समुदाय सदैव भगवान बिरसा मुंडा का आभारी रहेगा।

***************

इधर पूरे प्रदेश में भगवान बिरसा मुंडा को उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची के कोकर स्थित बिरसा मुंडा की समाधिस्थल पर धरती आबा को श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने कहा कि देश की आजादी के लिए उनकी कुर्बानी शब्दों में व्यक्त नहीं की जा सकती।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी रांची के कोकर स्थित बिरसा मुंडा की समाधिस्थल पर धरती आबा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

***************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज झारखंड के लोगों को राज्य के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दी हैं।

***************

राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी राज्यवासियों को झारखंड राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

***************

राज्य में 20 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान को लेकर चुनाव प्रचार में एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हेमंत सरकार पर सबसे भ्रष्ट सरकार होने का आरोप लगाया है। श्री सिंह ने धनबाद के टुंडी में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन के कुशासन के चलते राज्य की छवि धूमिल हुई है।

***************

इधर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर तीखी आलोचना करते हुए कहा कि लोगों के हितों की रक्षा संविधान से ही हो सकती है। श्री गांधी ने आज बोकारो के बेरमो में लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा लोगों को गुमराह कर रही है।

***************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज दुमका विधानसभा क्षेत्र के गांदो गांव के फुटबॉल मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने की अपील की। साथ ही कहा कि भाजपा राज्य में जीत हासिल करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

इधर भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा और चम्पाई सोरेन समेत तमाम नेताओं ने भी कई जगहों पर चुनावी सभाएं की।

***************

गुरु नानक जयंती  और गुरुपर्व  के अवसर पर आज देशभर में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। सिख समुदाय के लोगों ने विशेष दिवान सजाई। कई जगहों पर सबद किर्तन का भी आयोजन किया गया।

*****समाप्त******